समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# नासिक टाइटंस बना एमपीएल 2025 चैंपियन, अर्शिन कुलकर्णी की धमाकेदार पारी से रायगढ़ रॉयल्स को हराया।

Publisher Published on 24 Jun 2025




## अर्शिन कुलकर्णी बने प्लेयर ऑफ द मैच, रंजीत और अथर्वा की तूफानी बल्लेबाज़ी ने दिलाया ईगल नासिक टाइटंस को महाराष्ट्र प्रीमियर लीग 2025 का खिताब।

**महाराष्ट्र प्रीमियर लीग : महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (MPL) 2025** का **फाइनल मुकाबला** पुणे के **महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम** में खेला गया, जहां **ईगल नासिक टाइटंस** ने शानदार प्रदर्शन करते हुए **रायगढ़ रॉयल्स (RR) को 7 विकेट** से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

**प्रशांत सोलंकी** की कप्तानी वाली **नासिक टीम ने टॉस जीतकर गेदंबाज़ी चुनी** और **रायगढ़ ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 191 रन** का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

**सिद्धेश वीर का नाबाद 99, फिर भी खिताब नहीं**
**रायगढ़ रॉयल्स** के लिए **सिद्धेश वीर** ने शानदार पारी खेली। उन्होंने 59 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए, जिसमें 4 छक्के और 11 चौके शामिल थे।
हर्ष मोगवीरा ने भी 39 गेंदों पर 48 रन बनाए। रायगढ़ ने 20 ओवर में 190/4 रन बनाए।

**अर्शिन, रंजीत और अथर्वा की पारी से पलटा मैच**

लक्ष्य का पीछा करते हुए **अर्शिन कुलकर्णी** ने शानदार बल्लेबाज़ी की और **53 गेंदों मे 77 रन** (4 छक्के, 5 चौके) बनाए।
**मंदार भंडारी** (28 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी हुई।
फिर अंत में **रंजीत निकम** (13 गेंदों में नाबाद 31 रन) और **अथर्वा काले** (7 गेंदों में नाबाद 23 रन) ने धमाकेदार पारी खेलते हुए जीत पक्की कर दी।

**एमपीएल 2025 के टॉप परफॉर्मर :**

| **कैटेगरी** | **खिलाड़ी** | **आंकड़े** |
| --- | --- | --- |
| सबसे ज्यादा रन | सिद्धेश वीर | 450 रन (11 मैच, Avg. 56.25) |
| सबसे ज्यादा विकेट | तनय संघवी | 20 विकेट (11 मैच) |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.